54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.2°c
अधिकतम 27.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:53, सूर्यास्त - 6:12 | वर्ष : 54/ अंक : 51 | शनिवार, 21 फरवरी 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4


**अमृतवाणी**
रिश्ता चाहे कोई भी हो
मन से होना चाहिए
मतलब से नहीं।

भारत मंडपम में कांग्रेस का विरोध राष्ट्रहित से खिलवाड़ : पंकज चौधरी



जो राष्ट्रहित से खेलेगा....
राष्ट्र उससे खेलेगा......

# 'मिलावट का काला खेल', खाद्य विभाग की टीम ने पकड़ा हजारों लीटर सरसों का तेल







**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** मिलावट से भारी-भरकम मुनाफा कमाने वाली वहलना की कम्पनी काव्य ट्रेडिंग कम्पनी पर शुक्रवार को सहारनपुर से आई खाद्य-विभाग की टीम ने छापामारी की। टीम का दावा है कि उक्त फैक्ट्री में कलर व अरंडी का तेल मिलाकर सरसों का तेल बनाकर बेचा जा रहा था। इसी के साथ-साथ प्रतिबंधित आरजीमोन मिलाकर सरसों के तेल व रिफाइंड की बिक्री की जा रही थी। छापामारी के दौरान एक दर्जन से अधिक ब्रांड के रैपर फैक्ट्री के अंदर से मिले हैं। सहारनपुर से आई खाद्य-विभाग की टीम का बताना है कि लम्बे समय से उक्त फैक्ट्री में सरसों का तेल व राइस ब्रान में मिलावट की सूचना मिल रही थी। मुजफ्फरनगर खाद्य-विभाग की टीम को बिना सूचना दिये सहारनपुर की टीम सीधा वहलना स्थित काव्य ट्रेडिंग कम्पनी में पहुंची और कम्पनी स्वामी विक्रान्त मित्तल को गिरफ्तार कर खालापार थाने ले आई, जहां विक्रान्त मित्तल से पूछताछ की जा रही है। खाद्य विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त वीके राठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी, अनंत कुमार, अश्वनी व पूनम शर्मा ने कार्यवाही में पाया कि कई बड़े ब्रांड्स का दुरूपयोग कर बाजार में उतारने की तैयारी थी। प्रथम दृष्टया वहां मिले रैपर और अन्य सामग्री से साफ प्रतीत होता है कि उक्त फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में मिलावट के सरसों के तेल व राइस ब्रान आदि बेचे जाते थे।

## अधिक पैसा कमाने की होड़ में लोगों के जीवन दांव पर लगा रहा था विक्रान्त मित्तल

*मुजफ्फरनगर। मिलावटखोरी का धंधा इतना जोरों पर है कि यह कारोबार करने वाले को यह तक नहीं पता चलता कि वह मिलावट करके आम आदमी की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। जिस रिफाइंड अथवा सरसों के तेल के अंदर आरजीमोन पदार्थ मिलाया जा रहा था वह सेहत के लिए घातक है। इसी की शिकायत खाद्य-विभाग के अधिकारियों तक पहुंची थी। बताया जाता है कि विक्रान्त मित्तल का दाल मण्डी में पुराना व्यवसाय है और विक्रान्त मित्तल मिलावटखोरी के लिए पहले से ही चर्चित है। मिलावटखोरी पकड़े जाने के बाद भी विक्रान्त मित्तल का कहना था कि उसने किसी प्रकार की कोई मिलावट नहीं की और न ही उसके यहां किसी प्रकार के रिफाइंड का उत्पादन होता है। वह तेल और रिफाइंड मंगाकर उसे अपने ब्रान्ड में पैक करके बेचता था।*

## रालोद नेताओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की मांग को लेकर योगी से मिले राजपाल बालियान

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** रालोद विधायक राजपाल बालियान ने सीएम योगी से मिलकर रालोद नेताओं व ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की है।
हाल में प्रदेश सरकार ने वेस्ट यूपी के भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए थे। इनमें ऐसे मामले थे, जिनमें मामूली धाराएं लगी हुई थीं। इस बीच रालोद विधानमंडल दल के नेता व बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले तथा उनसे किसानों की समस्याओं व गन्ना भुगतान जैसे मुद्दों पर चर्चा के साथ प्रदेश में रालोद नेताओं के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने की मांग की।

## छठी पुण्यतिथि

जन्मतिथि 01/01/1940



निर्वाण तिथि 21/02/2020

### स्व. लाजवंती देवी

**चिट्ठी ना कोई संदेश, न जाने वो कौन सा देश, जहाँ तुम चले गए...**

छः वर्ष पूर्व आज ही के दिन आप हमारा साथ छोड़कर चली गई थीं। ये हम सब जानते हैं कि मृत्यु जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई है, लेकिन आपके अचानक चले जाने का यकीन छः वर्ष बाद भी किसी को नहीं आ पा रहा है। बच्चों और हमें दिया हुआ आपका प्यार हम सबको अभी भी अच्छे से याद है और आपके गृहस्थी चलाने के गुणों की चर्चा आज भी आपकी बेटियां, बहनें और बहुएँ याद करते नहीं थकती। हम सब के जन्मदिन याद रखने की आपकी आदत और हमारे लिए आशीर्वाद, उपहार देने की आदत हम कभी नहीं भूलेंगे। आपने अपनी पुत्री के प्रति प्रत्येक त्यौहार पर, जिस तरह से अपना धर्म निभाया, वह वास्तव में अनुकरण करने योग्य था। एक भी त्यौहार ऐसा नहीं होता, जिसमें आपने अपने हाथों से खाना परोसकर अपनी पुत्री के घर ना भेजा हो। मुझे, (अंकुर दुआ को) खुशी है कि आपके जाने के बाद आपकी पुत्री ने आपके द्वारा दिये हुए सारे गुण अपनाये। हम सबमें सबसे ज्यादा यदि आपके लिए कोई दिल से बिलबिलाता है, तो आपकी बेटी है, जो आपके जाने के छः वर्ष बाद भी आपको अपनी यादों में जीवित रखे हुए है और आपकी धेवतियों और धेवते को आपका प्यार कभी नहीं भूलेगा, नानी हमारे लिए ये बनाती थी, नानी हमारे लिये ये सामान लाती थी, वो आज भी यही कहते रहते हैं। आपने हर रिश्ते को बड़ी ही इज्जत व प्रेम के साथ निभाया। आपकी यादें आपको हमेशा हमारे बीच जीवित रखेंगी। आप हमारी आंखों से कभी ओझल नहीं हो पाओगी, ये हम सबका आप से वादा है। हम सब के लिये किया गया आपका त्याग कभी व्यर्थ नहीं जायेगा। आप हमारे दिलों में जीवित हैं और हमेशा रहेंगी। हमारे द्वारा चढ़ाये गए शब्दरूपी श्रद्धा-सुमन को आप जरूर स्वीकार करना।

**सादर श्रद्धा-सुमन**
पूजा दुआ-अंकुर दुआ (पुत्री-दामाद)
अनिल अरोरा, घनश्याम अरोरा (भतीजे)
वंश दुआ (धेवता)
एवं समस्त 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' परिवार

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के टैरिफ रद्द किए

## कहा- उन्हें टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं; भारत पर लगा 18% टैरिफ भी अवैध

**वॉशिंगटन डीसी, 20 फरवरी (एजेंसी)।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने दूसरे देशों पर लगाए गए टैरिफ को अवैध बताया है। भारत पर लगा 18% रेसिप्रोकल टैरिफ भी अब अवैध घोषित हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस (संसद) को है, राष्ट्रपति को नहीं। ट्रम्प ने टैरिफ पर सुनवाई को लेकर कहा था कि अगर केस हारे तो देश बर्बाद हो जाएगा। कोर्ट का यह फैसला ट्रम्प की आर्थिक नीतियों के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। दरअसल, अप्रैल 2025 में ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए दुनिया के कई देशों से आने वाले सामान पर भारी टैरिफ यानी आयात शुल्क लगा दिए थे। टैरिफ का मतलब होता है कि किसी देश से आने वाले सामान पर ज्यादा टैक्स लगाया जाए, ताकि वह महंगा हो जाए और घरेलू कंपनियों को फायदा मिले। ट्रम्प के लगाए गए टैरिफ हट जाएंगे। अमेरिका को कंपनियों को पैसा वापस करना पड़ सकता है। दुनिया के देशों को अमेरिका में सामान बेचने में राहत मिलेगी। भारत, चीन और यूरोप के निर्यातकों को फायदा होगा। कई चीजें सस्ती हो सकती हैं। शेयर बाजारों में तेजी आ सकती है। दुनिया का व्यापार ज्यादा स्थिर हो सकता है। कोर्ट के आदेश से ट्रम्प के सभी टैरिफ खत्म नहीं हुए हैं। स्टील और एल्युमिनियम पर लगाए गए टैरिफ अलग कानूनों के तहत लगाए गए थे, इसलिए वे अभी भी लागू रहेंगे। हालांकि, दो बड़े कैटेगरी के टैरिफ पर रोक लग गई है। पहली कैटेगरी रेसिप्रोकल टैरिफ की है, जो ट्रम्प ने अलग-अलग देशों पर लगाए थे। इसमें चीन पर 34% और बाकी दुनिया के लिए 10% बेसलाइन टैरिफ तय किया गया था। कोर्ट के फैसले के बाद ये टैरिफ अमान्य हो गए हैं। दूसरी कैटेगरी 25% टैरिफ की है, जो ट्रम्प ने कनाडा, चीन और मैक्सिको से आने वाले कुछ सामान पर लगाया था।




## कुम्हार को जीएसटी विभाग ने 1 करोड़ का नोटिस भेजा

**रायबरेली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** एक कुम्हार को जीएसटी विभाग ने 1 करोड़ से ज्यादा का नोटिस भेजा है। पीड़ित का कहना है कि तीन पुश्तों से तो मैं बर्तन बना रहा हूं। इसके अलावा कोई काम नहीं किया। खुद को बेच भी दूं तो इतने पैसे नहीं जुटा पाऊंगा। अगर नोटिस न वापस हुआ तो मैं परिवार समेत आत्महत्या कर लूंगा। अनपढ़ कुम्हार को गांव वालों ने जीएसटी का नोटिस पढ़कर बताया। इसमें कुम्हार मोहम्मद शाहिद के नाम पर बिहार में 6 फर्में रजिस्टर्ड हैं। इन पर अलग-अलग लाखों रुपए का जीएसटी चोरी का आरोप है। वहीं विभागीय सूत्रों के मुताबिक, कुम्हार के साथ साइबर फ्रॉड करके ये रजिस्ट्रेशन किया गया है। मोहम्मद शाहिद पिछली तीन पुश्तों से कुम्हार का काम कर रहे हैं। 16 फरवरी को उनके पते पर एक डाक आई। अंदर एक लेटर था। इसमें उनके ऊपर 1 करोड़ 25 हजार 297 रुपए की जीएसटी चोरी का आरोप है। नोटिस में एक महीने का समय दिया गया है।


तीसरा रोजा - 21-02-2026
सुन्नी 6:14 | इफ़तार | शिया 6:28
रमजान- 2026
चौथा रोजा - 22-02-2026
सुन्नी 5:30 | सहरी | शिया 5:32






# यूपी अब स्टार्टअप का हब, सपा का स्टार्टअप कट्टा और बम बनाना था: योगी




**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्टार्टअप में यूपी परफॉर्मर स्टेट के रूप में सामने आया है। प्रदेश में इस समय 20,000 से ज्यादा स्टार्टअप हैं। सपा को इससे कुछ लेना देना नहीं था क्योंकि सपा का स्टार्टअप कल्चर तो कट्टा और बम बनाना था। आज प्रदेश में जो भी स्टार्टअप हैं उसमें से आधे महिलाओं की ओर से लीड किए जा रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि बीते एक साल में सर्वाधिक कारखाने स्थापित करने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। सरकार की ओर से एक करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को पेंशन दिया जाता है। सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष लगातार विरोध करता है। हमें इससे कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अच्छे सुझाव भी दें। हम उन्हें लागू करेंगे। हमने 9 लाख 12 हजार का बजट पेश किया है। यही तो साइकिल और डबल इंजन की बुलेट ट्रेन के बीच का फर्क है। सीएम योगी ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा कि नमामि गंगे योजना की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण प्रयागराज महाकुंभ की सफलता है। मोदी जी के आने से पहले काशी की गंगा का जल नहाने तो दूर आचमन करने योग्य नहीं था। कोई स्नान कर ले तो शरीर में कोई बीमारी हो जाती थी। आज काशी में शुद्ध गंगाजल मिलता है। कानपुर में गंगा की सफाई की गई। महाकुंभ की सफलता, माघ मेले की सफलता नमामि गंगे की सफलता है।

**एसजीपीजीआई लखनऊ में पार्टनरी हेल्थ केयर सेंटर का निर्माण करेंगे**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में स्वास्थ्य विभाग ने 75 हजार नियुक्तियां की हैं। अब हम एसजीपीजीआई लखनऊ में पार्टनरी हेल्थ केयर सेंटर उपलब्ध करवाने जा रहे हैं। इसके लिए 859 करोड़ रुपये उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। वहीं, अयोध्याधाम में 500 बेड के अस्पताल की घोषणा हमने की है। 27 मेडिकल कॉलेज में छात्रावास की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के अंदर हर एक सेक्टर में यूपी आगे बढ़ा है। हमने छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया है। इसके बाद भी सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाएं उनके लिए बंद नहीं की जाएंगी।

सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना ज्यादा व्यावहारिक है। पहले 100 दिन का रोजगार दिया जाता था। अब 125 दिन का दिया जाएगा। अगर उन्हें रोजगार नहीं दिया गया तो बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। मनरेगा तो सिर्फ गड्ढा खोदने और पाटने की योजना थी। अब पक्का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मनरेगा तो कांग्रेस की तरह की ही योजना थी।

**यूपी बना ग्रोथ इंजन, 50 लाख से ज्यादा निवेश प्रस्ताव मिले**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है बल्कि देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है। प्रदेश को निवेश के 50 लाख से ज्यादा प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं जिससे प्रदेश में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इससे जिन प्रदेशों में यूपी के युवा काम करने जाते थे वहां अब लेबर क्राइसिस हो गया है।

हमने स्नातक और परास्नातक के बच्चों के लिए टैबलेट उपलब्ध कराने के लिए बजट की व्यवस्था की है। पहले यूपी में भय के कारण पर्यटक नहीं आते थे। अब करोड़ों पर्यटक अयोध्या और काशी में आ रहे हैं। पर्यटकों के आने के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है जिसका लाभ युवाओं को मिलता है।

**हर जिले में बनेगा इंप्लायमेंट जोन**

सीएम योगी ने कहा कि हमने हर एक जनपद में सरदार पटेल के नाम पर एक इंप्लायमेंट जोन स्थापित करने की बात बजट में कही है। इस योजना के तहत एक छत के नीचे सारे कार्य होंगे। यहां पर युवाओं का कौशल विकास होगा और उन्हें जॉब देने तक का काम एक जोन में होगा। इसी तरह हमने एक जिला एक व्यंजन योजना के लिए बजट का प्रावधान किया है।

**अगले पांच साल में 100 नई टाउनशिप बनाएंगे**

सीएम योगी ने कहा कि हमने तय किया है कि अगले पांच साल में 100 नई टाउनशिप बनाएंगे। इसके लिए हर जिले में एक लैंड बैंक बनाएंगे। ये प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की जरूरत को पूरा करने के लिए जरूरी है।

## यूपी विधानसभा: महंगाई के मुद्दे पर हंगामा, सपा का सदन से बहिर्गमन

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** विधानमंडल के बजट सत्र के आखिरी दिन समाजवादी पार्टी ने आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर विधानसभा से बहिर्गमन किया। सपा सदस्य मंत्री द्वारा आउटसोर्सिंग कारपोरेशन के गठन के बाद बोर्ड की बैठक की जानकारी की रूपरेखा नहीं बताने से नाराज होकर सदन से बाहर चले गए। कांग्रेस दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कौशल विकास की योजनाओं और रोजगार मेलों के बावजूद बड़ी संख्या में युवाओं को स्थायी एवं सम्मानजनक रोजगार नहीं मिलने के बारे में सवाल किया था। युद्धग्रस्त इजराइल में श्रमिकों को भेजने पर आपत्ति की। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने जवाब में कहा कि इजराइल हमारा मित्र देश है। वहां गए किसी ने भी श्रमिक ने शिकायत नहीं की है। साल भर में एक हजार करोड़ रुपये कमाकर परिजनों को भेजे हैं। जल्द एक हजार और श्रमिक इजराइल भेजे जाएंगे। इसके अलावा जापान, क्रोएशिया और जर्मनी भी भेजा जाएगा। हालांकि श्रमिकों को दूर न जाना पड़े, इसके लिए सरकार एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित कर रही है। हमने आउटसोर्सिंग कारपोरेशन गठित किया है, जिसकी बोर्ड की पहली बैठक हो चुकी है। इस पर सपा सदस्य बैठक की रूपरेखा बताने की मांग करने लगे, जिसे मंत्री ने बाद में सदस्यों को भेजने की बात कही। हालांकि सपा सदस्य जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## योगी ने माता प्रसाद की चुटकी ली: बोले- आप पर चच्चू का प्रभाव आ गया है

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी ने कहा, 1 मार्च को जब नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है तो सारे विभाग उसी हिसाब से तैयार होते हैं और वह पूरे साल की रणनीति बना लेते हैं। कल 4 मंत्रालय के साथियों ने कार्य अनुदान को लेकर सदन में अपनी बात रखी। यह अच्छी बात है। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद की चुटकी लेते हुए कहा, वे अपनी उम्र के हिसाब से आंकड़ो में घाल-मेल नहीं करेंगे। लेकिन संगत का प्रभाव होता है, लगता है कि चच्चू का प्रभाव आ गया है। आप यूपी पर उधार की बात बता रहे, मुझ लगता है कि यह सच नहीं है। 2016-17 में 4.39 था, आज की समय में 2.9 फीसदी है। मतलब हमारा वित्तीय प्रबंधन पहले से बहुत अच्छा है। इसीलिए हर बैंक यूपी पर भरोसा करता है। सीएम योगी ने कहा, हमने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया। इससे प्रदेश की वित्तीय स्थिति सुधरी। जब हम किसी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पैसे लगाते हैं। तो वह पैसे वापस देता है, रोजगार जनरेट होता है। यूपी का पैसा यूपी में लगे, इसके लिए लगातार प्रयास चल रहा है। जिस राज्य के पास एमएसएमई का पावर होगा, वह राज्य अग्रणी होगा। मेरठ के ब्रास, गोरखपुर का टेराकोटा, आजमगढ़ की ब्लैक क्राकरी, भदोही की कालीन समेत यूपी के अन्य जिलों के उत्पादों को वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट से आगे बढ़ाया। हमने विश्वकर्मा श्रम सम्मान से टूल किट वितरित किया।

## सीएम योगी को बदनाम करने की कोशिश, ब्राह्मण-ठाकुरों को लड़ाने का काम कर रहे अविमुक्तेश्वरानंद : प्रमोद कृष्णम




**मुरादाबाद, 20 फरवरी (एजेंसी)।** जगद्गुरु की उपाधि मिलने के बाद पहली बार मुरादाबाद पहुंचे प्रमोद कृष्णम ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सनातन धर्म के कंधे पर बंदूक रखकर हिंदुओं को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को वर्ष 2027 में मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि वर्तमान में प्रदेश का मुख्यमंत्री एक साधु है। जो स्वयं साधु होगा, वह स्वाभाविक रूप से धर्म और संत समाज का सम्मान करेगा। प्रमोद कृष्णम ने आरोप लगाया कि ब्राह्मण और ठाकुर समाज को आमने-सामने खड़ा कर हिंदुओं को विभाजित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब हिंदुओं को तय करना है कि वे कटेंगे, बटेंगे या संगठित रहेंगे।समाजवादी पार्टी के नेता कमाल अख्तर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि सपा नेता को इस्लाम की सही जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि अल्लाह को लाउडस्पीकर की नहीं, बल्कि सच्ची नीयत की जरूरत है। मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय प्रदेश के हित में है।

# पॉक्सो एक्ट में दंपती को सुनाई फांसी की सजा

**- 33 बच्चों को बनाया था हवस का शिकार; 10-10 लाख की मदद का आदेश**




**बांदा, 20 फरवरी (एजेंसी)।** बांदा की एक विशेष अदालत ने प्रारंभिक यौन शोषण के आरोप में दंपती को फांसी की सजा सुनाई है। इस दंपती पर 33 मासूम बच्चों के साथ घिनौनी हरकतें करने और उनकी अश्लील वीडियो व तस्वीरें विदेशों में बेचकर लाखों रुपये कमाने का गंभीर आरोप था।

अदालत ने पीड़ित बच्चों के परिवारों को राज्य और केंद्र सरकार की ओर से 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि देने का भी आदेश दिया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपनी गहन जांच और पुख्ता सबूतों के आधार पर सिंचाई विभाग के निलंबित अवर अभियंता रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को लगभग पांच साल पहले गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के समय उनके घर से पेन ड्राइव, लैपटॉप और मोबाइल जैसे कई महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए थे।

इनमें इस जघन्य अपराध से जुड़े अहम सुराग मिले थे। विशेष अदालत ने सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर दंपती को दोषी करार दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह मामला अत्यंत जघन्य और दुर्लभतम श्रेणी में आता है, जिसमें बच्चों की मासूमियत को तार-तार किया गया। बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाने और समाज में इस तरह के अपराधों को रोकने के उद्देश्य से,

अदालत ने दोनों आरोपियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने न केवल आरोपियों को कठोर दंड दिया है, बल्कि पीड़ित बच्चों के परिवारों के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई है। अदालत ने आदेश दिया है कि प्रत्येक पीड़ित बच्चे के परिवार को राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। यह राशि पीड़ितों के पुनर्वास और उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगी।

## गुजरात में शादी के लिए माता-पिता की मंजूरी जरूरी

**- आवेदन करते ही पैरेंट्स को व्हाट्सएप पर जानकारी मिलेगी, 40 दिन बाद मिलेगा प्रमाण-पत्र**




**अहमदाबाद, 20 फरवरी (एजेंसी)।** गुजरात सरकार ने विधानसभा में विवाह पंजीकरण नियमों में संशोधन का ड्राफ्ट पेश किया है। प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, अब लव-मैरिज के लिए आवेदन करने पर लड़के-लड़की के माता-पिता को व्हाट्सएप के जरिए सूचित किया जाएगा और आवेदन के 40वें दिन शादी का प्रमाण-पत्र मिलेगा। डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने कहा कि हमें प्रेम विवाह से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन अगर कोई सलीम सुरेश बनकर हमारी बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाए, तो हम उसे नहीं छोड़ेंगे। संघवी ने कहा कि राज्य में एक ऐसी व्यवस्था बनाई गई है, जिससे माता-पिता की अनुमति से विवाह करने वालों को और प्रेम विवाह में अपनी झूठी पहचान न दिखाने वालों को कोई परेशानी न हो। नई व्यवस्था में नोटरी का काम सभी की उपस्थिति में करना होगा। डिप्टी सीएम हर्ष संघवी ने आगे बताया कि राज्य सरकार आने वाले दिनों में प्रेम विवाहों के पंजीकरण के लिए एक अलग ऑनलाइन पोर्टल शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम हो सके। इसमें पंजीकरण के लिए आवेदन जमा होते ही, बेटी द्वारा विवाह पंजीकरण के लिए दी गई जानकारी माता-पिता को व्हाट्सएप के माध्यम से भेज दी जाएगी। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने सदन में कहा कि राज्य सरकार प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं है, लेकिन लड़कियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए विवाह पंजीकरण नियमों में संशोधन आवश्यक हो गया है। नए नियमों के तहत, दूल्हा-दुल्हन के साथ आने वाले गवाहों का पूरा विवरण, उनकी तस्वीरें और आधार कार्ड की प्रतियां देना अनिवार्य कर दिया गया है। अदालत में सरकार के साथ पंजीकरण कराना भी अनिवार्य होगा।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 155900 | चांदी- | 250000 |
| सिक्का- | 2600 | गिन्नी- | 115440 |

### आपका आज का राशिफल

**शुक्रवार, 20 फरवरी, 2025**

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आृथक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

# शीतल जल पर पालिका खर्च करेगी अब 37 लाख रुपए

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** शहरी क्षेत्र में करीब 37 लाख रुपए खर्च करते हुए इस बार नगर पालिका 20 नए वॉटर कूलर लगाने जा रही है। इसके लिए पालिका द्वारा कार्य योजना तैयार की गई है। आगामी दिनों में गर्मी की दस्तक से पूर्व पालिका द्वारा वॉटर कूलर को लगाने के लिए नगरीय क्षेत्र में भूमि का चयन किया जा रहा है। गर्मियों में इन वॉटर कूलर से स्थानीय लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराए जाने की योजना है। भीषण गर्मी व उमस के बीच गांव-देहात और घरों से काम के लिए गर्मियों में लोगों की प्यास बुझाने के लिए शहरी क्षेत्र में करीब 125 वॉटर कूलर लगे हुए हैं। विभिन्न स्थानों पर लगे वॉटर कूलर का रखरखाव पालिका के जलकल विभाग द्वारा किया जा रहा है। गर्मी शुरू होने से पूर्व ही पालिका प्रशासन इन सभी वॉटर कूलरों का सर्वे करा रही है। सर्वे के दौरान जो वॉटर कूलर खराब पाया जाएगा, उसे नगर पालिका द्वारा सहीं कराया जाएगा। इसके साथ अब नगर पालिका शहर में 20 नए वॉटर कूलर लगाने जा रही है। इसके लिए नगर पालिका करीब 37 लाख रुपए खर्च करने जा रही है। इसके लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। नए वॉटर कूलर प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और अस्पतालों के आसपास लगाए जाएंगे। जिसमें आरओ सिस्टम और बोरिंग की व्यवस्था भी शामिल है। इससे लोगों को गर्मी में भटकना नहीं पड़ेगा। वाटर कूलरों में नियमित रखरखाव और पानी की शुद्धता जांच सुनिश्चित की जाएगी। उधर इस सम्बन्ध में एई जलकल अनुज कुमार ने बताया कि शहरी क्षेत्र में करीब 20 नए वॉटर कूलर लगाने की कार्य योजना बनाई गई है। इसके लिए करीब 37 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उक्त वॉटर कूलर के लगने से स्थानीय लोगों को गर्मी में शीतल जल मिलेगा। शहर में पूर्व से लगे इन वॉटर कूलर का सर्वे कराया जा रहा है, जो खराब पाए जाएंगे उन्हें सहीं कराया जाएगा।

## डीजे पर जमकर थिरके राजपाल: भतीजी की शादी में बच्चों संग नाचे अभिनेता, विदाई पर हुए भावुक



**शाहजहांपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)।** चेक बाउंस मामले में जेल से जमानत पर बाहर आए अभिनेता राजपाल यादव गुरुवार को अपनी भतीजी की शादी में पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। बंडा क्षेत्र स्थित उनके पैतृक गांव कुंडरा में विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। गांव में विशाल पंडाल सजाया गया था, जहां नेताओं से लेकर रिश्तेदारों और शुभचिंतकों तक की भीड़ उमड़ी रही। पूरे कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। राजपाल के बड़े भाई श्रीपाल की बेटी प्रियंका की शादी के दौरान राजपाल यादव ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने मेहमानों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और काफी समय तक लोगों से मुलाकात करते रहे। जैसे ही डीजे की धुन बजी, राजपाल खुद को रोक नहीं सके और मंच के सामने जमकर थिरके। उनके नृत्य ने समारोह में चार चांद लगा दिए और मौजूद लोगों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। हालांकि, खुशी के इस माहौल के बीच विदाई का क्षण भावुक कर देने वाला रहा।

## प्रतिबंधित ड्रोन और जीपीएस जैमर बेचने पर सरकार सख्त, छह ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शुक्रवार को कहा कि उसने ड्रोन सहित प्रतिबंधित वायरलेस ट्रांसमिटिंग उपकरणों को सूचीबद्ध करने और बिक्री के लिए पेश करने के लिए 6 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को नोटिस जारी किया है। जिन छह ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस भेजा गया है, उनमें एवरसे, इंडियामार्ट, एक्सबूम, जावियट एयरोस्पेस, एयरवन रोबोटिक्स और मैवरिक ड्रोन्स एंड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, इन ऑनलाइन कंपनियों द्वारा 'एंटी-ड्रोन सिस्टम', 'ड्रोन जैमर' और 'जीपीएस जैमर' बेचे जा रहे थे, जो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और अन्य लागू दूरसंचार एवं व्यापार नियंत्रण कानूनों का कथित उल्लंघन है। बयान में कहा गया है कि ड्रोन जैमर और सिग्नल जैमिंग उपकरण भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 और वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 के तहत नियंत्रित होते हैं। इन पर दूरसंचार विभाग (डीओटी) और वायरलेस प्लानिंग एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूपीसी) द्वारा सख्त लाइसेंस और नियामकीय नियंत्रण लागू है। सीसीपीए ने संबंधित कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे उपकरणों की खरीद या आयात का स्रोत, आयात लाइसेंस की प्रतियां, चालान और संबंधित दस्तावेज, नियामकीय स्वीकृति/अनुमोदन की प्रतियां, वाणिज्यिक बिक्री की कानूनी आधार और पिछले दो वर्षों में बेची गई यूनिट्स की संख्या सहित खरीदारों का पूरा विवरण उपलब्ध कराएं।

## देश से जो गद्दारी करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा : मनोज सिन्हा

**– आतंकियों की सात पीढ़ियां भी याद रखेंगी**




**जम्मू, 20 फरवरी (एजेंसी)।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चेतावनी दी है कि देश के खिलाफ गद्दारी करने वालों और आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से जुड़े सभी मामलों की गंभीरता से जांच करेंगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीरी पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है। उन्होंने कहा, अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने वीरवार को कश्मीरी पंडितों की सम्मान के साथ घर वापसी को लेकर केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई। कहा कि कश्मीर पंडितों की पूरी इज्जत और सुरक्षा के साथ वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा है। एलजी प्रो. अशोक कौल की किताब कश्मीर-नेटिविटी रीगेंड के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। जम्मू विश्वविद्यालय के राजेंद्र सिंह सभागार में हुए कार्यक्रम में सिन्हा ने कहा कि अपनी धरती पर अजनबी बन जाना दुनिया के सबसे बड़े दुखों में से एक है। अपनी जड़ों से उजड़ जाने का दर्द आज भी बेघर हुए परिवारों की रगों में कांटों की तरह चुभता है। समय का मरहम भी कश्मीरी पंडितों के नरसंहार का गहरा दर्द नहीं भर सका। एलजी ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने हजारों निर्दोष कश्मीरी मुसलमानों का भी खून बहाया है। कई मामले इतने हृदयविदारक होते हैं कि उन्हें दोहराते समय शब्द लड़खड़ा जाते हैं। पिछले साल से उन परिवारों को न्याय मिलना शुरू हो गया है और अन्य आवश्यक चीजों के साथ-साथ उनकी रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के प्रयास चल रहे हैं।

## एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2025-26 में किया शानदार प्रदर्शन



**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2025-26 में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष आए परिणाम में विद्यालय के 11 छात्र एवं छात्राओं ने उच्च पर्सेन्टाइल के साथ परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय में हर्ष का वातावरण नजर आया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि जेईई मेन्स 2025-26 में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष सफलता अर्जित की है। विद्यालय के 11 छात्र-छात्राओं को इसमें सफलता मिली है। इसमें विशेष रूप से छात्र विधान भारद्वाज ने 94.8 पर्सेन्टाइल प्राप्त कर अपनी मेहनत और प्रतिभा का लोहा मनवाया। अन्य छात्रों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में उच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि जेईई मेन्स 2025-26 में विद्यालय से छात्र विधान भारद्वाज के अलावा अर्जुन मलिक (91.9), वंश कुमार (91), आर्यन मान (89.3), लवांशी बंसल (87.8), प्रणव कुमार (85.9), कुशाग्र गर्ग (83.7), कृष्णा मित्तल (83.27), विहान राज (82.6), नव्या गोयल (82.3) और वियांशी (80.03) ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए उपलब्धि हासिल की। छात्रों के परिश्रम और परिणाम की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने कहा कि मैं अपने सभी विद्यार्थियों को इस असाधारण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देती हूँ।

## बिना ठोस आधार किसी को बतौर आरोपी तलब नहीं कर सकती अदालत



**प्रयागराज, 20 फरवरी (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि बिना ठोस आधार के ट्रायल कोर्ट किसी को बतौर आरोपी तलब नहीं कर सकता। समन आदेश जारी करने से पहले कोर्ट को लापरवाह रवैया अपनाने के बजाय ठोस सबूतों और गवाहों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसी तल्ख टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति चवन प्रकाश की एकल पीठ ने मुरादाबाद के न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से याची संतोष वर्मा व मनीष वर्मा के खिलाफ मारपीट के आरोप में जारी समन आदेश रद्द कर दिया। साथ ही ट्रायल कोर्ट को दो माह में नए सिरे से विचार कर यह तय करने का आदेश दिया है कि क्या मामला वास्तव में मारपीट का है या फिर पैसों के लेनदेन एवं विश्वासघात से जुड़ा सिविल विवाद। याची की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि मनीष की शादी वर्ष 2023 में हुई थी। बाद में पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ गया और वैवाहिक मुकदमेबाजी शुरू हुई। समझौते के तहत मनीष ने 15 लाख रुपये के तीन डिमांड ड्रॉफ्ट पत्नी और ससुर को सौंपे। आरोप है कि एक ड्रॉफ्ट नकद होने के बाद पत्नी ने समझौते की शर्तों के विपरीत तलाक की अर्जी देने से इन्कार कर दिया और अतिरिक्त पांच लाख रुपये की मांग की। इसके बाद याची ने शेष दो ड्रॉफ्ट के भुगतान पर रोक लगवा दी। इससे नाराज ससुर ने मारपीट का झूठा परिवाद दाखिल कर दिया। सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि परिवाद में बेटी के साथ मारपीट का आरोप तो लगाया गया पर घटना की तारीख व समय का उल्लेख नहीं किया गया। न ही कथित पीड़िता की गवाही कराई गई। इसके बावजूद मजिस्ट्रेट की अदालत ने पति को आरोपी के रूप में तलब करने का आदेश पारित कर दिया।

## मुजफ्फरनगर के आदित्य शर्मा का Assistant Legal Aid Defense Counsel पद पर चयन



**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बुस.)।** UP State Legal Services Authority द्वारा Assistant Legal Aid Defense Counsel' (Govt. Advocate) के पद पर मुजफ्फरनगर निवासी आदित्य शर्मा का चयन किया गया है। आदित्य शर्मा, देवदत्त गौतम के सुपुत्र हैं। उनके पिता देवदत्त गौतम वर्तमान में बिजनौर स्थित अउख कोर्ट में रीडर के पद पर कार्यरत हैं। आदित्य शर्मा ने Meerut College से एलएलएम (LL.M.) की उपाधि प्राप्त की है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। शुभचिंतकों एवं परिचितों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. में छात्र-छात्राओं के लिये वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन हुआ



**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आई.आई.टी., रूड़की की ओर से आए विशेषज्ञ चेतन धीमान एवं रोहन वाधवा द्वारा किया गया। कार्यशाला में कुल 114 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को वर्चुअल लैब की उपयोगिता, ऑनलाइन प्रयोगशालाओं के संचालन, रिमोट एक्सपेरिमेंट्स तथा डिजिटल सिमुलेशन के माध्यम से प्रयोग करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि तकनीकी शिक्षा में नवाचार और डिजिटल प्लेटफॉर्म का समावेश समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लगातार दूसरे वर्ष आई.आई.टी., रुड़की का नोडल सेंटर बना है, जो संस्था की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता का प्रमाण है। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में आईआईटी रुड़की के विशेषज्ञों द्वारा वर्चुअल लैब विषय पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। कार्यशाला के सफल संचालन में छात्रों प्रियांश, वासुदेव, आराध्या शर्मा, श्रेया पराशर एवं आर्यन पाल का विशेष योगदान रहा।

## दो महिलाओं से 26 हजार रुपये की ठगी की

**खतौली, 20 फरवरी (बु.)।** पांच लाख रूपये का लोन दिलवाने का दिलासा देकर युवकों द्वारा दो महिलाओं से 26 हजार रूपये की ठगी की गयी। पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के भवानी मंदिर पैठ रोड निवासी सोनिया व मीनाक्षी द्वारा कोतवाली में दी गयी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि दो युवकों द्वारा उनके घर पर आकर स्वयं को एक लोन कम्पनी का कर्मचारी बताते हुए महिलाओं को पांच लाख रूपये का लोन दिलाने का भरोसा दिया गया था, जिसके लिए लोन कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा कागजी कार्यवाही व फीस के नाम पर कुछ रकम पहले एडवांस देने की बात कही। दोनों युवकों के बहकावे में आकर मीनाक्षी ने पांच हजार व सोनिया ने बीस हजार रूपये उन्हें दे दिये तथा दोनों युवक वहां से वापस लौट गये। आरोप है कि लम्बे समय तक जब पांच लाख रूपये के लोन मिलने में कोई भी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो महिलाओं द्वारा लोन कम्पनी के दिये गये मोबाइल नम्बरों पर सम्पर्क किया। कोई उत्तर न मिलने पर पीड़ित महिलाओं द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई गई है।

## अखिलेश यादव बोले- ब्राह्मण समाज ईमानदार, पूछा- बटुकों का अपमान करने वालों को सजा क्यों नहीं



**रायबरेली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने माघ मेले में बटुकों के अपमान और यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के मामले में प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने डिप्टी सीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपमान करने वालों को सजा क्यों नहीं मिल रही है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि उस फिल्म का नाम भी नहीं लिया जा सकता, जिसमें एक ईमानदार समाज को गलत तरीके से दर्शाया गया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ से फतेहपुर के फतेहपुर घोष जाते समय शहर के मामा चौराहा पर रुके। इस दौरान उनका सपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम ने अपमान करने वालों को पाप मिलने की बात कही थी, लेकिन उन्हें सजा क्यों नहीं दिलवाई जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा, अगर मुख्यमंत्री जापान चले जाएंगे, तो क्या हमारे डिप्टी सीएम वहां धरना देंगे। यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर अखिलेश यादव ने इसे भाजपा की लव स्टोरी बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले ब्राह्मण समाज को अपमानित करने के लिए एक फिल्म बनाई गई थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबर के नाम पर मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली, 20 फरवरी (वार्ता)।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अधिकारियों को भारत में कहीं भी बाबर या बाबरी मस्जिद के नाम पर किसी भी मस्जिद के निर्माण या नामकरण की अनुमति देने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गयी थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने इस मामले पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने बाबर को 'आक्रमणकारी' बताते हुए तर्क दिया था कि उसके नाम पर किसी भी मस्जिद का निर्माण या नामकरण नहीं किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने चूंकि इस याचिका को स्वीकार करने से मना कर दिया, इसलिए याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली। इसके बाद खंड पीठ ने याचिका खारिज कर दी।



संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## एआई समिट में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट पर दुनिया भर की नजर है। दुनिया के अखबार और चैनल इस समिट को कवर कर रहे हैं, लेकिन कल यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने समिट में विरोध-प्रदर्शन किया। समिट के बीच हुए इस प्रदर्शन से कार्यक्रम स्थल पर कुछ समय के लिए हलचल का माहौल बन गया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टी-शर्ट खोलकर नारेबाजी की और 'पीएम इज कंप्रोमाइज्ड' के नारे लगाए। यूथ कांग्रेस के 8 से 10 कार्यकर्ता क्यू आर कोड के जरिये भारत मण्डपम में पहुंच गए। अंदर पहुंचते ही कांग्रेस के इन कार्यकर्ताओं ने अपने कपड़े उतार दिए और मंच के पास जाकर हंगामा करने लगे। इस दौरान कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने शर्ट और बनियान दोनों ही उतार दिए। प्रदर्शन करने वाले कुछ कार्यकर्ता गिरफ़्तार किए गए हैं। पता चल रहा है कि ये पूरी तैयारी से आए थे, इन्होंने रजिस्ट्रेशन भी कराया था। इनमें से चार को पकड़ लिया गया है, जबकि बाकी मौके से भाग गए। उनकी पहचान की जा रही है। उन्हें भी गिरफ़्तार किया जाएगा, जिस वक़्त समिट में यह विरोध प्रदर्शन किया गया, उस समय वहां पर देश-विदेश के कई दिग्गज और प्रतिनिधि मौजूद थे। यूथ कांग्रेस के इस प्रदर्शन की निन्दा की जा रही है। इस प्रदर्शन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनके लिए एआई एम्बिशियस इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एस्पिरेशनल इंडिया नहीं है। उनके लिए एआई, एंटी-इंडिया है। यह आईएनसी नहीं है, यह एएनसी है, एंटी-नेशनल कांग्रेस है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि एआई समिट की दुनिया भर में तारीफ हो रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से लेकर यूनाइटेड नेशंस सेक्रेटरी जनरल तक, टॉप टेक कंपनी के बड़े लोगों तक, सैम ऑल्टमैन से लेकर सुंदर पिचाई तक, हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। यहां तक कि शशि थरूर ने भी कहा कि एआई समिट बहुत बढ़िया था, लेकिन राहुल गांधी के कहने पर कांग्रेस पार्टी प्रोटेस्ट कर रही है। यह एक कैरेक्टरलेस, ब्रेनलेस, इमोशनलेस प्रोटेस्ट है। यह बीजेपी के खिलाफ प्रोटेस्ट नहीं है, यह पीएम के खिलाफ प्रोटेस्ट नहीं है, यह इंडिया की अचीवमेंट्स के खिलाफ़ प्रोटेस्ट है। कई यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी शर्ट उतार दी और नारे लगाए, जिसमें 'पीएम इज कंप्रोमाइज्ड' भी शामिल था। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सरकारी अधिकारियों, इंडस्ट्री के नेताओं और विदेशी डेलीगेट्स की भागीदारी वाले इस हाई-प्रोफ़ाइल इंटरनेशनल इवेंट में इस तरह के प्रदर्शन से रोकने के लिए प्रदर्शनकारियों को तुरंत हिरासत में लिया गया और जगह से दूर ले जाया गया। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध पर इंडियन यूथ कांग्रेस के प्रेसिडेंट ने कहा कि ये नारे सिर्फ इसलिए नहीं लगाए गए कि यूथ कांग्रेस गुस्से में है, बल्कि ये इसलिए भी लगाए गए, क्योंकि पूरे देश का युवा गुस्से में है। यूथ कांग्रेस ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, एआई समिट के चमकदार मंच के पीछे वास्तविक मुद्दों को दबाया नहीं जा सकता, जब देशहित से ऊपर कॉरपोरेट हित दिखाई दे और विदेश नीति में नरमी साफ नजर आए, तब विरोध कर्तव्य बन जाता है। इसीलिए भारतीय युवा कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ता भारत मंडपम पहुंचे, ताकि 'कंप्रोमाइज्ड पीएम' के खिलाफ आवाज बुलंद हो और देश की अस्मिता पर हो रहे समझौते पर केंद्र सरकार को जवाब देना पड़े। भारत में यह बड़ा समिट रहा, लेकिन अव्यवस्था, एक स्टाल और इस प्रदर्शन के कारण इसकी विशेषताएं कम तो नहीं होंगी, लेकिन यह सब अच्छा नहीं कहा जाएगा। इस समिट की तारीफ भी हो रही है। समिट के समापन के अवसर पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत के लिए एक बड़ी घोषणा की है। पिचाई ने कहा कि गूगल 15 बिलियन डॉलर निवेश से एआई हब भारत में स्थापित करेगा। यह निवेश भारत को वैश्विक एआई परिदृश्य में एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी हिस्सा लिया और अपने संबोधन का अंत 'जय हो' के साथ किया। इस समिट में ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने अनुमान लगाया कि सुपरइंटेलिजेंस के शुरूआती वर्जन दो वर्षों के भीतर आ सकते हैं और एंथ्रोपिक पीबीसी के सीईओ डारियो अमोदेई ने कहा कि एआई अरबों लोगों को गरीबी से बाहर निकाल सकता है और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बना सकता है। विदेशी अखबारों में भी इस समिट पर लिखा जा रहा है। अमेरिकी अखबार ब्लूमबर्ग ने लिखा है, मोदी उस समय सिलिकॉन वैली को आकर्षित कर रहे हैं, जब अमेरिकी कंपनियां भारत के युवा और तकनीक-प्रेमी बाजार पर कब्जा जमाने की होड़ में हैं। भारत अब अमेरिका के बाद चैटजीपीटी का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता बन चुका है। सेंसट टावर की विश्लेषक स्नेहा पांडे के अनुसार, 2025 में जेनरेटिव एआई ऐप डाउनलोड में भारत 207 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ दुनिया में अग्रणी रहा जबकि अमेरिका में यह वृद्धि 63 प्रतिशत थी। पूरे हफ़्ते एआई अपनाने के इन आंकड़ों का व्यापक रूप से उल्लेख हुआ। बिना यह ध्यान दिए कि 1.4 अरब की विशाल आबादी स्वाभाविक रूप से डेटा को प्रभावित करती है, लेकिन इन आंकड़ों ने समिट हॉल में मौजूद एक बड़े सवाल को भी उजागर किया। भारत एआई का सबसे उत्साही उपभोक्ता होने से एक गंभीर उत्पादक कैसे बनेगा? शिखर सम्मेलन में डेटा सेंटर निवेश की घोषणाओं की बाढ़ सी आ गई। अरबपति मुकेश अंबानी ने 110 अरब डॉलर का वादा किया। अदानी ग्रुप ने 100 अरब डॉलर का संकल्प लिया और ओपन एआई ने टाटा ग्रुप के साथ बड़े एआई इंफ्रास्ट्रक्चर सहयोग की घोषणा की। मोदी इसे एक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि संभव है कि ये आकर्षक सुर्खियां बाधाओं से घिर जाएं, क्योंकि डेवलपर्स को भारत के संसाधन-संकट और जटिल प्रशासनिक ढांचे में जमीन, पानी और बिजली जैसी जरूरतों को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, जब कई शहर अब भी पीने योग्य पानी और स्वच्छ हवा के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब बिजली ग्रिड और जल आपूर्ति पर अतिरिक्त दबाव पर्यावरणीय और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं को जन्म दे सकता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'गरिमा' 'कपड़े' 'वतन' 'नेता'

कहीं गरिमा की बातें हों, वो कपड़े फाड़ लेता है,  
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।  
वतन के मान की बातें, उसे अच्छी नहीं लगती,  
गलत दल का गलत नेता, गलत बातें ही करता है।

## दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुए हादसे में दो युवक गंभीर

**खतौली, 20 फरवरी (बु.)।** जानसठ रोड ओवर ब्रिज पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुए हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के जानसठ रोड रेलवे ओवर ब्रिज पर दो बाइकों में आमने-सामने हुई टक्कर को देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। दुर्घटना में घायल मंसूरपुर निवासी वंश पुत्र संजय व ग्राम नावला थाना मन्सूरपुर निवासी ललित पुत्र योगेश को राहगीरों द्वारा तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों के परिजनों को दुर्घटना के सम्बन्ध में सूचित किया गया। चिकित्सकों द्वारा गंभीर रूप से घायल वंश की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे अन्य अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कथन है कि दुर्घटना तेजगति के कारण मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों व सुावों के पश्चात भी तेजगति व नियमों की अनदेखी कर दुपहिया वाहनों में सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ रहा है।



## 80 सीएम युवा उद्यमी पात्रों को बांटे चैक, किया प्रोत्साहित

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देश भूषण की अध्यक्षता में जिला अग्रणी प्रबन्धक कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान जनपद के 80 से अधिक युवाओं को सीएम युवा ऋण योजना का लाभ बैंकों से दिलाते हुए चैक वितरित हुए। इस दौरान सीएम युवा ऋण योजना का प्रचार-प्रसार भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनपद के युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करना तथा उन्हें विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना रहा। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को बैंक के माध्यम से स्वीकृत ऋणों का वितरण किया गया। इस दौरान सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण ने युवाओं को कहा कि सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर एवं उद्यमी बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसके लिए संबंधित विभागों के साथ बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पात्र अभ्यर्थियों तक पहुंचाया जाए। कार्यक्रम में सीएम युवा ऐप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, योजना की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। युवाओं को अधिकाधिक संख्या में ऐप डाउनलोड कर योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार, परियोजना प्रबंधक नेडा भजन सिंह सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।




## रंजिशन पुत्री के ससुरालजनों से घर में घुसकर मारपीट

**भोपा, 20 फरवरी (बु.)।** थानाक्षेत्र के गांव रुडकली तालाब अली में महिलाओं के बीच हुई कहासुनी के चलते एक महिला के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दे दिया, जिससे दो युवतिया घायल हो गई। पीड़ितों ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली निवासी महिला आमना ने बताया उसने अपने पुत्र की शादी निकटवर्ती गांव में की है। महिला के अनुसार शुक्रवार को अपनी पुत्रवधू के साथ उसकी और उसकी पुत्रियों की मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोप है शाम को रंजिश के चलते महिलाओं समेत आधा दर्जन आरोपी उसके घर में घुस आए और लात मुक्कों और लाठी-डंडों से उसके और उसकी पुत्रियों के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह और उसकी दोनों पुत्रियां घायल हो गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिन्होंने उन्हें आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी इससे पूर्व भी उसके परिवार के साथ चार बार मारपीट की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पीड़िता ने जान का खतरा बताते हुए पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल में जुट गई है। वहीं दूसरे पक्ष द्वारा भी थाने पर पहुंचकर तहरीर देने की तैयारी की जा रही है।

## हजारों रुपये की कीमत का बकरा हुआ गायब

**बुढ़ाना, 20 फरवरी (बु.)।** लगभग 14 हजार रुपये की कीमत का एक बकरा अचानक से रहस्यमयी ढंग से गायब हो गया। बकरे को काफी तलाश कर लिया लेकिन बकरे का कहीं पर भी पता नहीं चल पाया है। पशु पालक बकरे को अपने स्तर से तलाश कर रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला के मौहल्ला गढ़ी के निवासी दिलशाद अली पुत्र महमूद अली ने एक बकरा कुर्बानी के लिए पाला हुआ था। वह पूरे दिन बकरे को घेर में खुला छोड़ देता था और शाम होते ही घर पर ले आता था। बीती बृहस्पतिवार की सुबह रोजाना की भांति उसने अपने घेर में बकरे को ले जाकर छोड़ दिया। कुछ ही देर बाद बकरा वहां से चरता हुआ रहस्यमयी ढंग से गायब हो गया। बकरा पालक दिलशाद अली ने अपने बकरे को काफी स्थानों पर तलाश किया, लेकिन शुक्रवार की देर रात तक भी अचानक से गायब हुए बकरे का कोई भी सुराग नहीं लग पाया था। इस घटना की सूचना फिलहाल बुढ़ाना पुलिस को नहीं दी गयी है। बकरी पालक दिलशाद अली अपने स्तर से अभी भी अपने बकरे को तलाश करने में लगा हुआ है। गांव में चर्चा है कि शायद किसी ने मौका पाकर बकरे को चोरी कर लिया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी गायब बकरे को देखा जा रहा है।

## बिना बताये घर से निकला युवक हुआ लापता

**चरथावल, 20 फरवरी (बु.)।** चरथावल कस्बे से एक किशोर सुबह घर से लापता हो गया है। मौहल्ला तगायान मुस्लिम निवासी साहिल पुत्र शफीक आज सुबह करीब 9:30 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने साहिल की तलाश आसपास और रिश्तेदारों में की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। परिवार का कहना है कि साहिल बिना बताए घर से निकला था और उसके पास मोबाइल फोन भी नहीं है। अचानक संपर्क टूट जाने से परिजन परेशान हैं। मौहल्ले के लोगों ने भी अपने स्तर पर खोजबीन शुरू कर दी है। परिजनों ने चरथावल थाने में तहरीर देकर किशोर को शीघ्र तलाशने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यदि किसी व्यक्ति को साहिल के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तुरंत थाना चरथावल या परिजनों से संपर्क करने की अपील की गई है।



## सीडीओ ने प्रदर्शनी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

### – बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति किया महिलाओं को प्रेरित

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देश भूषण ने कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रदर्शनी वैन को विधिवत हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इस दौरान सीडीओ कंडारकर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी वैन एक सप्ताह तक जनपद व तहसील व विकासखंडों पर पहुंच कर महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अन्य संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध करायी जाएगी। शुभारंभ अवसर पर इस बीच महिला सशक्तिकरण, कन्या उत्थान, बाल संरक्षण एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनसामान्य को प्रदान की गई। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी वैन एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। प्रदर्शनी वैन विकास खण्डवार एवं क्षेत्र, नगर पंचायतों के साथ नगर के प्रमुख चौराहों पर भी पहुंचकर आमजन को इसके प्रति जागरूक करेगी, ताकि इसके माध्यम से अधिक से अधिक महिलाएं एवं पात्र लाभार्थी शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सुशील कुमार यादव, एडीएम न्यायिक व संजय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## मुजफ्फरनगर से कोटा तकः प्रीति सिंह की प्रेरणादायक सफलता की कहानी

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में जन्मी और पली-बढ़ी प्रीति सिंह ने अपने जुनून, परिश्रम और भारतीय संस्कृति के प्रति समर्पण से एक नई पहचान बनाई है। विवाह के बाद वह कोटा में बस गईं और आज सोनचिरैया ब्रांड की संस्थापक तथा कोटा साड़ी साड़ीज की संचालिका के रूप में जानी जाती हैं। कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक सफल कैरियर छोड़कर प्रीति सिंह ने पारंपरिक कोटा की असली जरी साड़ियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कोटा की महीन बुनाई, उत्कृष्ट कारीगरी और सदाबहार शान को देश-दुनिया तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। उनका ब्रांड शुद्धता, प्रामाणिकता और भारतीय वस्त्र विरासत के सम्मान का प्रतीक बन चुका है। प्रीति सिंह को यह प्रेरणा अपने स्व. दादा मामचंद से मिली, जिनके ईमानदारी और मेहनत के संस्कार आज भी उनके जीवन का मार्गदर्शन करते हैं। उनके पिता नरेंद्र सिंह पूर्व मंडी सचिव का प्रोत्साहन, माता बृजेश का स्नेह और पति हेमंग पारेख का अटूट सहयोग उनकी सफलता की मजबूत नींव बने। प्रीति सिंह की उपलब्धियों में उस समय चार चांद लग गए, जब उनकी साड़ी को अंतरराष्ट्रीय मंच कांस फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया। यह कोटा की बुनाई कला और भारतीय शिल्पकारों के लिए गर्व का क्षण था। इसके अतिरिक्त उन्हें भारतीय संस्कृति और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा भारत की शान भारत का अभिमान सम्मान से भी नवाजा गया। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश की ऐसी 29 हस्तियों को सम्मानित किया, जिन्होंने अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए विदेश में भी भारत का डंका बजाया है। मुजफ्फरनगर की बेटी प्रीति सिंह को भी केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सम्मानित किया। मुजफ्फरनगर से कोटा और स्थानीय बाजार से अंतरराष्ट्रीय मंच तक का उनका यह सफर संघर्ष, संकल्प और संस्कारों की खूबसूरत कहानी है। प्रीति सिंह न केवल परंपरा को सहेज रही हैं, बल्कि उसे आधुनिक दौर में नई पहचान भी दे रही हैं, और अनगिनत महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा दे रही हैं।



## एसपी देहात ने सड़कों पर उतरकर खुद की चैकिंग

**बुढ़ाना, 20 फरवरी (बु.)।** कोतवाली बुढ़ाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसपी देहात आदित्य बंसल ने बीती बृहस्पतिवार की देर रात खुद सड़कों पर उतरकर बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने अभियान के दौरान दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवर लोडिंग, ट्रिपल राइडिंग, बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म लगे वाहन एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्यवाही भी की। उन्होंने मौके पर मिले चौकी इंचार्ज और अन्य पुलिसकर्मियों को वाहन चैकिंग अभियान नियमित रूप से चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने खुद भी कई वाहन चालकों को यातायात के नियम बताए और कहा कि तेज गति करके और शराब पीकर बिल्कुल भी वाहन ना चलाएं। अपने वाहनों के संपूर्ण कागज साथ लेकर चलें। दोपहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग अवश्य करें और कार में बैठते समय सीट बेल्ट का प्रयोग भी अवश्य करें। इस दौरान बायवाला पुलिस चौकी इंचार्ज रणवीर सिंह व गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी ललित कसाना आदि पुलिसकर्मी रहे।



## आमजन व किसानों के मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### - भाकियू चढूनी ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** प्रदेश की आम जनता के साथ किसानों से जुड़ी समस्याओं के निदान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढूनी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। भाकियू ने उक्त ज्ञापन के माध्यम से बढ़ती महंगाई, चिकित्सा, शिक्षा एवं कृषि से जुड़े मुद्दों से हो रही आमजन को परेशानी की ओर ध्यान दिलाते हुए इसके निदान कराए जाने की मांग की। शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे भाकियू चढूनी से जुड़े उक्त कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष नकुल अहलावत के नेतृत्व में प्रशासन को सात सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से जनहित एवं किसानों से जुड़ी गंभीर समस्याओं के निदान कराने की मांग की। जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन में किसान संगठन ने देश में बढ़ती महंगाई, चिकित्सा और शिक्षा के साथ कृषि समस्याओं से होने वाली परेशानी की ओर ध्यान दिलाया। इसके साथ उन्होंने देश में प्रस्तावित ट्रेड डील को देश के किसानों के लिए बड़ा नुकसान बताया। वहीं प्रदेश में चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ते बोझ को जनता की जेबों पर खुलकर लूट किए जाने की बात की। वहीं सरकारी अस्पतालों में मिलने वाली सुविधाओं में कमी के लिए स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार भी ठहराया। किसानों पर बढ़ते कर्ज और महंगी खेती से मुक्ति की दिशा में सार्थक पहल की जरुरत पर जोर देते हुए सरकार से सरल नीति लागू किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से अरूण गुजर, सतेन्द्र अहलावत, सतेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, अमरीक सिंह, रमेश, कुलवेन्द्र सिंह, नरेश पाल, रूपेन्द्र सिंह, बलविन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, चीमा सिंह, सुखदेव सिंह समेत अन्य किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अवैध असलाह के साथ एक युवक को दबोचा

**बुढ़ाना, 20 फरवरी (बु.)।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को दबोचकर उसके पास से अवैध असलाह भी बरामद किया है। बुढ1ना पुलिस ने आरोपी को पूछताछ करने के बाद लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उमरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज मोहित कुमार तेवतिया अपने अधीनस्थ कांस्टेबल परमजीत सिंह के साथ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के इरादे से संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, तब उनको एक संदिग्ध युवक दिखा जिसे उन्होंने रोककर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पुलिस ने दो तमंचे व 1 कारतूस बरामद किया। पकड़े गये युवक ने पूछताछ में अपना नाम असद निवासी बुढ़ाना बताया। आरोपी नाबालिग है। उसने तमंचे और कारतूस मेरठ में बेगम पुल के पास से करीब 02 माह पूर्व किसी राह चलते व्यक्ति से खरीदे थे। उसने तमंचा, कारतूस व पोनिया बुढ़ाना क्षेत्र के समद व आमिर को महंगे दाम पर बेच दिये थे।

डा0 मुकुल रस्तोगी MD,DM

निदेशक- हेपोटोलॉजी और गैस्टोएंटरोलॉजी
फोर्टिस अस्पताल, नोएडा

लीवर, पेट, अग्नाशय और आंतो के विशेषज्ञ
ओपीडी 25-08-2024
बंसल नर्सिंग होम, मुजफ्फरनगर

प्रत्येक माह के प्रत्येक चौथे रविवार को बैठते है।
प्रातः11.00 बजे- अपराह्न 3.00 बजे

सुविधाएं: एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी

पंजीकरण के लिए कृप्या संपर्क करें:
M: 8958897984, 0131-2623656

FORTIS HOSPITAL NOIDA

नोट- डा0 साहब अगले महीने के चौथे रविवार को 29 अगस्त 2024 को बैठेंगे।

आवश्यक सूचना

डॉ. विकास सिंघल
M.B.,B.S. (MAMC), M.R.C.S. (GLASGOW)
F.A.C.S. (AMERICA)
American Board of Surgery Diplomate
Fellowship Advanced Laparoscopic
Surgery (U.S.A.)
(एसोसिएट डायरेक्टर, मेदान्ता अस्पताल, गुड़गाँव)

दिनांक 22.02.2026, दिन-रविवार को

डॉ. विकास सिंघल
(एडवांस जीआई सर्जन, रोबोटिक एंड बेरिएट्रिक सर्जन)
पेट, आँत, जिगर, पैन्क्रियाज़, पित्त की थैली,
कैंसर, हर्निया, अत्यधिक वज़न,
एसिडिटी से पीड़ित मरीज़ों को देखेंगे।

नाम लिखवाने के लिए सम्पर्क करें
सिंघल नर्सिंग होम
कम्पनी बाग के सामने, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर
M:.9808805981, 9837082912
समय:- प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक

## न्यायालय के हस्तक्षेप से ढाई माह बाद दर्ज हुआ पीड़ित का मुकदमा

**भोपा, 20 फरवरी (बु.)।** ककरौली थाना पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न किए जाने से परेशान एक व्यक्ति को आखिरकार न्यायालय के आदेश पर राहत मिली है। पीड़ित ने न्याय की आस में लगभग तीन माह अधिकारियों के चक्कर लगाए, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय के आदेश के बाद ककरौली थाने में सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम तेवड़ा निवासी दिलशाद पुत्र हनीफ ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसके घर पर जानसठ थाना क्षेत्र के ग्राम जानसठ निवासी मुरसलीन नामक एक मेहमान आया हुआ था। आरोप है कि गांव के ही जाहिद और राशिद पुत्रगण फतेह मोहम्मद की उस मेहमान से रंजिश थी। पीड़ित का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते बीते 5 नवंबर 2025 की रात करीब साढ़े नौ बजे जाहिद और राशिद उसके घर आए और मेहमान मुरसलीन से गाली-गलौच करने लगे, जब दिलशाद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे भी धमकी दी। इसके बाद उसी दिन दोपहर करीब 12 बजे, जब दिलशाद और उसका मेहमान थाने से शिकायत करके लौट रहे थे, तो रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे सात आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने मुरसलीन को जबरदस्ती खींचकर अपने घर के अंदर ले जाने की कोशिश की और उसकी हत्या करने की नीयत से मारपीट की। शोर सुनकर मौके पर मोबीन पुत्र यूसुफ और अफजाल पुत्र यामीन समेत अन्य ग्रामीण पहुंचे, जिससे जान बच सकी। दिलशाद का आरोप है कि घटना की सूचना 112 नंबर पर देने और थाने में तहरीर देने के बावजूद ककरौली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने 14 नवंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वहां से भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि इस दौरान आरोपी खुलेआम घूम रहे थे और पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे थे।

तीन महीने तक थाने के चक्कर लगाने के बाद हताश पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए ककरौली पुलिस को आदेशित किया कि वह तुरंत पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करें। न्यायालय के आदेश के बाद आखिरकार ककरौली पुलिस ने हरकत में आते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ककरौली थाने में जाहिद, राशिद, आसिफ, शाकिब, अरशद, साहिब और वाजिद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

## एसडीएम ने निर्माणाधीन विद्यालय का किया निरीक्षण

### - भाकियूअ कार्यकर्ताओं ने घटिया सामग्री लगने पर जताया रोष

**बुढ़ाना, 20 फरवरी (बु.)।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा बुढ़ाना ब्लॉक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने विगत दिवस ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिलने पर लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया। बुढ़ाना एसडीएम के द्वारा शिकायत करने वाले ग्रामीणों को भी मौके पर बुलवाया गया, जिन्होंने एसडीएम बुढ़ाना को बताया कि इस विद्यालय के निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा पिल्ली ईंटों का प्रयोग करने के साथ-साथ घटिया स्तर का मैटेरियल भी लगाया जा रहा है, जिस पर एसडीएम ने ठेकेदार से भी सभी ग्रामीणों के सामने बातचीत की और मौके पर मिली सामग्री भी देखी। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष ठाकुर अमित सिंह, ब्लॉक बुढ़ाना अध्यक्ष प्रवीण पंवार व ग्राम राजपुर छाजपुर अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने बतलाया कि वे विगत दिवस इस निर्माणाधीन विद्यालय को लेकर बुढ़ाना एसडीएम से मिले थे और उनको बताया था कि स्कूल के निर्माण में ठेकेदार घटिया सामग्री लगा रहा है। इसी शिकायत के चलते आज एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा व नायब तहसीलदार मौके पर जांच करने आए। जांच में उन्हें शिकायत सही मिली। दोनों अधिकारियों को स्कूल की नींव खिसकी मिली और घटिया सामग्री का प्रयोग भी होता मिला। तीनों भाकियूअ पदाधिकारियों ने कहा कि अगर स्कूल के निर्माण में उनको भविष्य में घटिया सामग्री लगती मिली, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे। यहां ठाकुर गौरव सिंह, टिंकु शर्मा, राहुल ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, शक्ति ठाकुर, आसिफ अंसारी, दुष्यंत ठाकुर और बीर सिंह सैनी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



## महिला ने पति पर मारपीट का लगाया आरोप

### - चरथावल पुलिस ने हिरासत में लिया, बाद में छोड़ने की लगाई गुहार

**चरथावल, 20 फरवरी (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम सैद नगला निवासी ज्योति नामक महिला ने अपने पति अंकित पर मारपीट का आरोप लगाया। महिला ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को इस संबंध में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति अंकित को हिरासत में ले लिया और उसे थाने ले आई। बताया जा रहा है कि ज्योति ने पूर्व में भी कई बार डॉयल 112 पर कॉल करके अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाया था। पुलिस ने हर बार शिकायत के आधार पर कार्रवाई की थी। इस बार भी पुलिस कार्रवाई के दौरान महिला ने पहले पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कही। हालांकि, बाद में वह अपने पति को छोड़ने की गुहार लगाने लगी। थाना प्रभारी सत्यनारायण ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह घटनाक्रम गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## वन टाइम टैक्स योजना को बढ़ावा देने के लिए परिवहन मेले का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** प्रदेश सरकार ने परिवहन कर प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए वन टाइम टैक्स व्यवस्था को लागू कर दिया है। नई व्यवस्था की जानकारी देने और नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार से प्रारंभ दो दिवसीय परिवहन मेला आयोजित किया गया। एआरटीओ कार्यालय पर आयोजित मेले में अधिकारियों ने मौके पर शंकाओं का समाधान करने के साथ टैक्स जमा किया। विभागीय अफसरों ने इस बीच सभी वाहन स्वामियों व परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों से मेले में भाग लेकर नई व्यवस्था का लाभ उठाने की अपील की। परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के जारी निर्देशों के बीच परिवहन कार्यालय मुजफ्फरनगर के परिसर में परिवहन मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्र, एआरटीओ प्रशासन सुशील कुमार मिश्रा एवं संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) ने मेले में उपस्थित ट्रांसपोर्टरों व अन्य को सरकार की वन टाइम टैक्स योजना की लागू व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान मौके पर किया गया। इस दौरान कर भुगतान/समायोजन की सुविधा प्रदान किए जाने के साथ परिवहन विभाग की आकर्षक योजना का लाभ उठाने हेतु पैंफलेटों का भी वितरण किया गया। उपरोक्त मेले में परिवहन विभाग की कार्यवाही से वाहन स्वामियों द्वारा रुपए 2.11 लाख एक बारीय कर के रूप में जमा कराये गये। मेले में मुख्य रूप से शाहिद खान टैक्सी ऑपरेटर, मौ. दिलशाद टैक्सी आपरेटर, राहुल त्यागी टैक्सी ऑपरेटर, मनीष तायल ट्रांसपोर्टर एवं संजय अग्रवाल ट्रांसपोर्टर, टाटा मोटर्स एवं मारुति एजेन्सी पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों, अन्य ट्रांसपोर्टरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# बंद मकान के स्विमिंग पूल में मिला चौकीदार का शव

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के महावीर चौक पर शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बंद मकान के स्विमिंग पूल से बुजुर्ग चौकीदार का शव बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।**

**जानकारी के मुताबिक, महावीर चौक स्थित यह मकान शिवम कुच्छल का है। बताया जा रहा है कि मकान मालिक और परिवार के अन्य सदस्य घर से धार्मिक यात्रा के लिए बाहर गए हुए थे। जिन्होंने अमित विहार निवासी 65 वर्षीय चौकीदार रामकिशन को अपने घर की सुरक्षा के लिए रखा था। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक घर का दरवाजा नहीं खुला, तो पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने जब घर के अंदर प्रवेश किया, तो परिसर में बने स्विमिंग पूल के अंदर रामकिशन का शव पड़ा मिला। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे संजय कुमार ने बताया कि उनके पिता गुरूवार शाम को ड्यूटी पर आए थे। सुबह उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके पिता का शव पूल में पड़ा है। संजय के अनुसार, उनके पिता कभी-कभी यहां चौकीदारी के लिए आते थे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस प्रथम दृष्टया इसे एक हादसा मान रही है। अधिकारियों का अनुमान है कि पैर फिसलने के कारण बुजुर्ग चौकीदार पूल में गिर गए होंगे और डूबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि किसी भी तरह की साजिश या अन्य संभावना को खारिज किया जा सके।**

**"मामले में एएसपी सिद्धार्थ के. मिश्रा ने बताया कि महावीर चौक के पास एक मकान के स्विमिंग पूल में चौकीदार की बॉडी मिली है। पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शुरूआती जांच में यह एक्सीडेंटल मृत्यु प्रतीत हो रही है, लेकिन मौत के सटीक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगी।**

**सिद्धार्थ के. मिश्रा,**
**एसीपी, मुजफ्फरनगर"**





## 1 अप्रैल से नकद टोल बंद करने की तैयारी, फास्टैग-यूपीआई होंगे अनिवार्य

**नई दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देशभर के नेशनल हाईवे शुल्क प्लाजा पर 1 अप्रैल 2026 से नकद भुगतान पूरी तरह बंद करने पर विचार कर रही है। इस कदम का मकसद पूरी तरह




डिजिटल नेशनल हाईवे टोलिंग सिस्टम विकसित करना है। जिससे टोल भुगतान प्रक्रिया और अधिक तेज, पारदर्शी और भरोसेमंद बन सके। योजना लागू होने के बाद, नेशनल हाईवे के सभी टोल प्लाजा पर भुगतान सिर्फ डिजिटल माध्यमों से ही किया जाएगा। इसके तहत फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये ही टोल वसूली होगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार, यह प्रस्ताव इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन से मिले फायदों को और मजबूत करने तथा टोल प्लाजा संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लाया जा रहा है।

# हिन्दूवादी नेता को ठेकेदार ने दी जान से मारने की धमकी

## आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** नाली निर्माण में घोर अनियमितता तथा मानक के अनुरूप सामग्री उपयोग न किये जाने के विरोध पर हिंदूवादी नेता नरेंद्र पंवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। शुक्रवार शाम हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाना सिविल लाइन में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। हिंदू संघर्ष समिति के संयोजक नरेंद्र पंवार ने वार्ड-39 में पालिका द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा था। नरेंद्र पंवार ने मौके पर पहुंचकर कार्य का वीडियो भी बनाया और इसे सार्वजनिक करते हुए संबंधित अधिकारियों से भ्रष्टाचार की शिकायत की। नरेन्द्र पंवार का आरोप है कि उन्हें फोन पर जान से मारने की धमकी दी गयी है। ऑडियो में विक्की त्यागी व उसके बेटे का नाम लेकर धमकी दी गयी है। देर शाम इस मामले में थाना सिविल लाइन में तहरीर दी गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी धमकी देने वाले ठेकेदार अनिल कुमार वर्मा को जाट कॉलोनी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर मेडिकल के लिए भेज दिया है।





# शिक्षामित्रों को 10 की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेंगे, अनुदेशकों को 17 हजार

## सीएम योगी की बड़ी घोषणाः एक अप्रैल से लागू होगी व्यवस्था

**लखनऊ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** सीएम योगी ने शिक्षा मित्रों की सैलरी बढ़ाने का ऐलान किया है। अब उन्हें 10 हजार की जगह 18 हजार रुपये हर महीने मिलेगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल से लागू होगी। योगी ने कहा, जहां कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नहीं हैं, वहां विद्यालय बनेंगे। शिक्षामित्रों को अप्रैल से 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार देंगे। शिक्षकों के लिए पांच लाख कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी। विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए गए व्यापक सुधारों और नई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सशक्तीकरण, शिक्षक कल्याण और छात्र सुविधाओं को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि गुणवत्ता, तकनीक, शोध और कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से उत्तर प्रदेश को ज्ञान और नवाचार की अग्रणी शक्ति बनाना है। इस बजट में बड़ी घोषणा की गई है, जिसमें जिन विकास खंडों में कस्तूरबा विद्यालय नहीं हैं, वहां इनकी स्थापना के लिए 580 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गयी है। बेसिक शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर मुख्यमंत्री ने कहाकि पूर्व की तुलना में अब गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ड्रॉपआउट रेट में कमी आई है और कंपोजिट विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है। डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और ऑपरेशन कायाकल्प के तहत मिशन निपुण एवं डिजिटल एजुकेशन जैसे कार्यक्रम लागू किए गए हैं। कंपोजिट विद्यालयों के लिए भी पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जिन विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहां नए विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 580 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## सोशल मीडिया पर आया वीडियो, पटाखा बाइक सीज

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** पटाखा बाइक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने बाइक की तलाश कर उसे सीज कर दिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक युवक अपनी मोटरसाइकिल पर मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करता हुआ दिखाई दे रहा था। थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा तत्काल उक्त वीडियो का संज्ञान लिया गया तथा उक्त युवक की तलाश कर मोटर साइकिल को सीज करने की कार्यवाही की है।

# सख्त पहरे में हुई पहले जुमे की नमाज

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** रमजान शुरू होते ही दूसरे दिन जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में नमाजी तमाम मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। इमामों ने अपने खुत्बे में रमजान और रोजे की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रोजा केवल भूखे रहने का नाम नहीं है। इसका मकसद अपने दुनियावी और आखिरत के आमाल का सुधारना है।

शहर समेत जिले की तमाम मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे को आज इबादत के लिए नमाज में बड़ी संख्या में मुसलमान जुटे। नगर में मस्जिद फक्करशाह, जामा मस्जिद लोहिया बाजार, इमली वाली मस्जिद, बकरा मार्केट, लद्दावाला, पुराना भोपा अड्डा के साथ सरवट और सूजड़ू की तमाम मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के वक्त से पहले ही तमाम रोजेदार मस्जिदों पर पहुंचने लगे थे। इसके बाद मस्जिदों में इमामों ने नमाज पढ़वाई। इस दौरान तमाम मस्जिदों में इमामों ने अपने खुत्बे में कहा कि रमजान के महीने में की जाने वाली इबादत का कई गुना सबाब मिलता है। ऐसे में तमाम लोगों इस महीने में अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। रमजान माह के पहले असरे के दस दिन रहमत के होते हैं। माना जाता है कि इन दिनों में अल्लाह की रहमत बंदों पर खूब बरसती है, जिससे दिलों में सुकून और नूर पैदा होता है। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान पर रोजा फर्ज है। सिर्फ बीमार और बच्चों को इससे राहत दी गई है। ऐसे में सभी को रोजे पर अमल करते हुए इबादत करनी चाहिए। इमामों ने खासतौर से युवाओं से अपील की कि वे रोजा रखें और इसकी पाबंदियों पर सख्ती से अमल करें।

**तमाम मस्जिदों व संवेदनशील इलाकों में तैनात रही पुलिस**

**मुजफ्फरनगर।** जुमे की नमाज के दौरान आज तमाम मस्जिदों और संवेदनशील स्थानों पर कड़ा पहरा रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिस को तैनात किया गया था। इसके अलावा अधिकारी भी पूरी स्थिति पर निगाह रखे हुए है। इस दौरान सड़कों पर काफी कम यातयात नजर आया। शहर में सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम लोग और वाहन सड़कों पर दिखे। नगर में खालापार, लद्दावाला, मल्हूपुरा और सरवट व सूजडू में तमाम मस्जिदों में नमाज के दौरान आज भारी पुलिस बल तैनात रहा। ऐसे में नमाजियों को हिदायत दी गई थी कि वे मस्जिदों के अंदर ही नमाज पढ़ें और सड़कों पर ना आएं। मस्जिदों के साथ तमाम संवेदनशील इलाकों पर भी पुलिस पिकेट तैनात रही। अधिकारी पूरी स्थिति पर नजर रखे रहे।

## रमजान पर इमामों ने रोजे को बताया फर्ज, युवाओं से अमल की अपील



**मुस्लिम आबादियों में बदल गई जीवनचर्या**

**मुजफ्फरनगर।** जुमे के अलावा भी इन दिनों मस्जिदों में लोग पाबंदी से नमाज के लिए पहुंच रहे हैं। शाम के समय तराबियों का दौर लगातार जारी है। इस दौरान अहले इस्लाम ज्यादा से ज्यादा इबादत, कुरआन की तिलावत और दुआओं में मशगूल रहते हैं। रमजान के साथ मुस्लिम इलाकों में दिनचर्या बदल गई है। सुबह सहरी के लिए उठना। इसके बाद नमाज और फिर आराम के अलावा दिन में नमाज के बाद शाम को इफ्तार के बाद नमाज और तराबीह का सिलसिला रोज की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। शाम को लोग बाजारों में खरीदारी के लिए निकल रहे हैं।

# सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र घायल

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के बागोवाली चौराहा के पास कार ने स्कूटी सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में बाट-माप विभाग से सेवानिवृत पिता की मौत हो गयी, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला रविदासपुरी निवासी 66 वर्षीय जयपाल मेरठ जनपद में बाट-माप विभाग में वाहन चालक के पद पर तैनात थे। वर्ष 2020 में वह विभाग से सेवानिवृत हुए थे। गुरूवार शाम वह अपने बेटे अजय कुमार के साथ स्कूटी पर सवार होकर छपार क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। रात्रि में दोनों शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। बागोवाली चौराहे के लिए अचानक सामने से आई कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में पिता पुत्र घायल हो गए। सूचना पर



पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया, जहां जयपाल को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार की तलाश में जुट गयी है।

## सीजीएसटी की छापेमारी के दौरान सरिया व्यापारी को पड़ा हार्ट अटैक

**एटा, 20 फरवरी (एजेंसी)।** जीटी रोड स्थित विजय हार्डवेयर स्टोर पर शुक्रवार को सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) की टीम ने छापा मारा। टीम ने अभिलेखों और स्टॉक की जांच करने का प्रयास किया। यह देखकर दुकान मालिक विजय जैन की अचानक तबीयत बिगड़ गई और उन्हें हार्ट अटैक आ गया। हालत गंभीर होने पर परिजन और स्थानीय लोग उन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने नाजुक स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया। शुक्रवार की सुबह सीजीएसटी विभाग की टीम जीटी रोड स्थित विजय हार्डवेयर स्टोर पर पहुंची। यहां छापा मारते हुए सरिया कारोबार से जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू की। इसी बीच दुकान मालिक विजय जैन को सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई और वह अचानक गिर पड़े। उन्हें अस्पताल भेजा गया। हालांकि सीजीएसटी टीम की ओर जांच की कार्रवाई जारी रखी गई।

# एआई समिट में शर्ट उतारकर प्रदर्शन पर यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ता गिरफ्तार

**दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को भारत मंडपम में एआई शिखर सम्मेलन के दौरान प्रदर्शन कर रहे चार इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया है। इन कार्यकताओं को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस एफआईआर में कई गंभीर आरोप लगा रही है। बताया जा रहा है कि उनकी पुलिस के साथ काफी देर तक हाथापाई भी हुई। पहले चार कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया और फिर सभी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अन्य लोगों की भी पहचान कर रही है। एडिशनल सीपी (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने कहा कि एआई समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन करने वाले इंडियन यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है, और ऐसे प्रदर्शन में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के लिए बता दें कि भारत मंडपम के बाहर आज भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कार्यकताओं ने कथित तौर पर अर्धनग्न होकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे और अपनी शर्ट उतारे हुए थे।



## 'शर्टलेस' हंगामे के विरोध में राहुल के घर के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**दिल्ली, 20 फरवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के घर के बाहर भाजपा कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। एआई समिट में हुए प्रदर्शन के विरोध में सभी एकजुट हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने एआई समिट में प्रदर्शन करने वाले यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया है। एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के विरोध पर भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के एक नेता ने कहा कि राहुल गांधी और उनके समर्थक मोदी जी के हर काम में हमेशा रुकावट डालने की कोशिश करते हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदर्शन के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के एक और नेता ने कहा ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में देश की बेइज्जती करते रहते हैं। आज, उनके फॉलोअर्स ने दुनिया भर में हमारी बेइज्जती करने की नाकाम कोशिश की।

# सहारनपुर में हर्ष फायरिंग में भाजपा नेता की मौत

**सहारनपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)।** गोशाला रोड स्थित रामलीला भवन में चल रहा शादी समारोह कुछ ही पलों में जश्न से मातम में बदल गया। डीजे पर बज रहे 'तमंचे पर डिस्को' गाने की धुन पर लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग कर रहे दूल्हे के जीजा की गोली सीधे भाजपा मंडल महामंत्री शिवचरण रोहिला (50) की छाती में जा धंसी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया है। मामला थाना मंडी क्षेत्र का है। कोतवाली मंडी क्षेत्र में आयोजित इस शादी समारोह में शिवचरण रोहिला शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम रामलीला भवन में चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूल्हे का रिश्तेदार रोहित उपाध्याय, निवासी सरस्वती विहार, थाना भवन जिला शामली, डीजे पर गाना बजवाकर हाथ में पिस्टल लेकर डांस कर रहा था। इसी दौरान अचानक पिस्टल से गोली चल गई। गोली पास में खड़े शिवचरण रोहिला की छाती में लगी और वे मौके पर ही गिर पड़े। शादी में अफरा-तफरी मच गई। परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी अभिनंदन सिंह, एसपी सिटी व्योम बिंदल और एएसपी मनोज कुमार यादव मौके पर पहुंचे। मृतक के बेटे हर्षित रोहिला की तहरीर पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी रोहित उपाध्याय को बाबा लालदास मंदिर गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद की गई है। मृतक के बेटे हर्षित ने आरोप लगाया है कि उसके पिता की जानबूझकर और साजिश के तहत हत्या की गई है। उनका कहना है कि नवीन उपाध्याय परिवार से परिचित थे, इसलिए इस घटना को महज हर्ष फायरिंग बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शिवचरण रोहिला गार्डों की नौकरी लगवाने का काम करते थे और मानकमऊ मंडल में भाजपा के महामंत्री पद पर कार्यरत थे। बेटे के आरोपों के बाद मामला और ज्यादा संवेदनशील हो गया है।



## जबलपुर के पास आरती-अजान के विवाद में बवाल

**जबलपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के जबलपुर से करीब 40 किमी दूर सिहोरा तहसील में गुरुवार रात दुर्गा मंदिर और मस्जिद के बीच आरती-अजान को लेकर विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। पथराव और मारपीट के बाद इलाके में कर्फ्यू जैसे हालात हैं। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और अब तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। पुलिस की शुरूआती जांच के मुताबिक, मंदिर में आरती और मस्जिद में अजान एक ही समय पर हो रही थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला झड़प तक पहुंच गया। आरोप है कि मस्जिद से 50-70 युवकों की भीड़ बाहर आई और विवाद बढ़ गया।

**मंदिर से घसीटकर पीटने के आरोप, पथराव के बाद 49 गिरफ्तार, कर्फ्यू जैसे हालात**

# बेगमपुल से नमो भारत 55 मिनट में पहुंची सरायकाले खां

## 22 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**मेरठ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** मेरठ के बेगमपुल से दिल्ली के सराय काले खां तक रैपिड रेल का ट्रायल किया गया। ट्रेन 55 मिनट में पहुंच गई। इसके बाद ट्रेन 12 बजे सराय काले खां से चली और 55 मिनट में बेगमपुल पहुंची।

ट्रेन का संचालन 22 फरवरी से होगा। जिसे पीएम मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं पहले फेस में फिलहाल न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ स्टेशन तक रैपिड ट्रेन संचालित है। सराय काले खां स्टेशन सबसे बड़े मल्टी मॉडल हब के रूप में बनाया गया है। यहां दिल्ली-मेरठ के साथ ही नमो भारत ट्रेन के प्रस्तावित दिल्ली-करनाल व दिल्ली-अलवर रूट भी मिलेंगे। इसे रेलवे और डीएमआरसी से भी जोड़ा गया है। सराय काले खां स्टेशन में 5 एंट्री और एग्जिट गेट, 14 लिफ्ट, 18 एस्केलेटर हैं। स्टेशन में सभी लिफ्ट और एस्केलेटर, प्लेटफार्म स्क्रीन डोर्स (पीएसडी) लगाए जा चुके हैं। यहां हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, मेट्रो की पिंक लाइन, वीर हकीकत राय आईएसबीटी और रिंग रोड को भी जोड़ा गया है।स्टेशन को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए 280 मीटर लंबा फुटओवर ब्रिज बनाया गया है। इसमें 6 ट्रैवलेटर लगे हैं। दरअसल, दिल्ली-मेरठ नमो कारीडोर का न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ नमो स्टेशन का करीब 55 किमी लंबा हिस्सा चालू है। शेष सेक्शन इससे जुड़ने वाले हैं। इसमें दिल्ली की तरफ सराय काले खां से न्यू अशोक नगर का करीब पांच किलोमीटर लंबा हिस्सा अब तैयार हुआ है। मेरठ साउथ से मोदीपुरम का 21 किमी का स्ट्रेच भी पूरा है। दोनों हिस्सों को आवाजाही के लिए शुरू किया जाना है। अधिकारियों का कहना है कि शुक्रवार को पहली बार नमो रेल सराय काले खां से बेगमपुल तक चलेगी। इसमें वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीडियाकर्मी भी शामिल होंगे।



## सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी के खाते से साइबर ठगो ने 5.60 लाख रुपए हड़पे

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर के रहने वाले प्रमोद कुमार पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि उनका मोबाइल नम्बर बैंक में संचालित खाते से लिंक है। उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने कॉल किया और उसने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक के पेंशन विभाग से बोल रहा है। उसके बाद उन्हें बैंक से पेंशन कार्ड जारी होना बताया गया। कुछ समय के बाद उनके मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। लिंक खोलते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। उसके बाद उनके बैंक खाते से दो बार में 3.97 लाख रुपए निकाल लिए गए। उसके पश्चात उनके बेटे राहुल अरोरा के पीएनबी बैंक खाते से 1.63 लाख रुपए निकाल लिए गए। उक्त मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवक से मोबाइल लूटकर फरार हुए बदमाश

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव भिक्की निवासी सोनू कुमार आदर्श कॉलोनी में काम कर अपने गांव वापस जा रहा था। वह जानसठ रोड पर धर्मकांटे के पास अपने मोबाइल से बात कर रहा था। इसी बीच पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए है।**

# कोर्ट से लखनऊ लौटते समय मोची की दुकान पर रुके राहुल गांधी

**सुल्तानपुर, 20 फरवरी (एजेंसी)।** यूपी के सुल्तानपुर में कोर्ट में बयान दर्ज कराकर लौटते समय राहुल गांधी अयोध्या-प्रयागराज हाईवे के गुप्तारगंज स्थित रामचेत मोची की दुकान पर रुके। उन्होंने रामचेत के परिवार से बात की। उनके बेटे से परिवार का हाल जाना। इसके बाद लखनऊ के लिए निकल गए। राहुल गांधी ने विधायक नगर चौराहा स्थित रामचेत मोची के बेटे राघव दुकान पर थे। राहुल गांधी करीब सात मिनट उनकी दुकान पर रुके। रामचेत की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित की। बेटे राघव से कहा कि वह रामचेत की मृत्यु पर नहीं आ पाए। राघव की बिटिया श्रद्धा को अपनी गोदी में उठाया। उसे चाकलेट दी और दुलार किया। राघव को आश्वासन दिया कि जब भी जरूरत पड़ेगी वह उनकी मदद के लिए खड़े हैं।



# शादी में गए थे युवक, दो बाइकों को किया आग के हवाले

**मुजफ्फरनगर, 20 फरवरी (बु.)। युवक विवाह समारोह में व्यस्त रहे और उनकी दो बाइकें आग के हवाले हो गई। आरोप है कि तीन युवकों ने उनकी बाइक में आग लगा दी। बताया गया है कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम कान्हाहेड़ी निवासी रजनीश कुमार पुत्र कमलसिंह व भमेला थाना तितावी निवासी राजन सिंह पुत्र देवेंद्र अपनी अपनी बाईक से थाना बड़गांव के शब्बीरपुर गांव में विवाह समारोह में गए थे। दोनों अपनी बाईक समारोह स्थल के बाहर साइड में रोककर समारोह में शामिल होने चले गए। बताया गया है कि तभी तीन शरारती युवकों ने उनकी खड़ी मोटरसाइकिलों में आग लगा दी। आग लगने से दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। पीड़ित युवकों ने घटना की सूचना थाना बड़गांव सहारनपुर पुलिस को देते हुए दो नामजद व एक अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आरोपियों की तलाश की जा रही है।**

## यूपी बोर्ड देगा नई सुरक्षा वाली मार्कशीट, न फटेगी, न भीगेगी, नकली बनाना होगा मुश्किल

**प्रयागराज, 20 फरवरी (एजेंसी)। माध्यमिक शिक्षा परिषद इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक सुरक्षा फीचर्स वाली नई अंक तालिका (मार्कशीट) जारी करेगा। परिषद का दावा है कि यह मार्कशीट इतनी मजबूत होगी कि न पानी से गल सकेगी, न आसानी से फटेगी और न ही सामान्य तरीके से नष्ट की जा सकेगी। परिषद के अनुसार पिछले वर्ष लगभग 58 लाख विद्यार्थियों को इसी प्रकार की सुरक्षित मार्कशीट उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन उसमें रही कुछ तकनीकी कमियों को इस बार दूर किया जा रहा है। सचिव भगवती सिंह ने बताया कि नई मार्कशीट पर विशेष मोनोग्राम होगा, जो धूप में चमकेगा और इसे लेमिनेशन कराने की आवश्यकता भी नहीं पड़ेगी। परिषद का कहना है कि इन विशेषताओं के कारण फर्जी मार्कशीट बनाना लगभग असंभव हो जाएगा।**

## पाकिस्तान ने कुपवाड़ा में एलओसी पर सीजफायर का उल्लंघन किया

**जम्मू, 20 फरवरी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शुक्रवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। अधिकारियों ने बताया कि नाउगाम सेक्टर के टीएमजी (टूट मार गली) इलाके में दोपहर को एलओसी की पोस्टों से भारतीय चौकियों पर छोटे हथियारों से फायरिंग की गई। सेना की ओर से जवाबी कार्रवाई के बाद कुछ समय में फायरिंग रुक गई। इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है। स्थिति फिलहाल सामान्य बताई जा रही है और सुरक्षा बल पूरे इलाके में सतर्क हैं।

# मेरठ में 6 घंटे दिल्ली रोड पर नहीं दौड़ेंगे वाहन

**मेरठ, 20 फरवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 फरवरी के मेरठ आगमन व रैली को देखते हुए रूट डायवर्जन प्लान भी लगभग फाइनल हो गया है। राजनगर एक्सटेंशन से मेरठ की तरफ आने वाले विभिन्न रूटों से लेकर जनपद शामली/बागपत से आने वाले भारी और कॉमर्शियल वाहनों के लिए 16 डायवर्जन पॉइंट तैयार किए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी.के. सिंह ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थलों के 8 किलोमीटर के दायरे में पतंग उड़ाने पर भी रोक लगा दी गई है। गुब्बारे और ड्रोन प्रतिबंधित किए गए हैं।

22 फरवरी के लिए तैयार किया गया रूट डायवर्जन प्लान 6 घंटे प्रभावी रहेगा। इसके जो 16 पॉइंट निर्धारित किए गए हैं, उन पर कार्यक्रम शुरू होने से 3 घंटे पहले और कार्यक्रम के 3 घंटे बाद भारी और कॉमर्शियल वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। इसके बाद भी ट्रैफिक के हालातों को देखते हुए आगे का निर्णय लिया जाएगा। राजनगर एक्सटेंशन से मेरठ की ओर आने वाले भारी व कमर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह सभी वाहन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। दुहाई से मेरठ की ओर आने वाले भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह वहां पेरीफेरल से दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे होकर गंतव्य की ओर जाएंगे। मुरादनगर गंग नहर पुलिस चौकी से भारी कमर्शियल वाहन गंग नहर पटरी मार्ग पर नहीं जाएंगे। निवाड़ी मार्ग से गंग नहर पटरी की ओर कोई भी भारी वाहन नहीं जाएगा। मोदीनगर से मेरठ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन भी प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। भोजपुरी एक्सप्रेसवे से मोदीनगर की तरफ आने वाले भारी व कामर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह वाहन दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे से आगे बढ़ेंगे। मुजफ्फरनगर से मेरठ की व्यवस्था के लिए सठेढी पुलिस चौकी से भारी/कामर्शियल वाहन एनएच 58 होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे। मुरादाबाद और हापुड़ से आने वाले भारी वाहन टियाला अंडरपास से किठौर से, परीक्षितगढ़ से, मवाना से बिजनौर और मुजफ्फरनगर जा सकेंगे। थाना खरखौदा मोड़ से मोहिउद्दीनपुर की तरफ केवल छोटे वाहन जा सकेंगे। बड़े और कमर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। बिजली बंबा चौराहा से शॉप्रिक्स मॉल तिराहा की ओर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। ट्रांसपोर्ट नगर मंडी गेट से दिल्ली रोड पर भारी व कामर्शियल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। परतापुर इंटरचेंज के ऊपर मेरठ की तरफ से मोदीनगर, गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। काशी टोल प्लाजा से मोदीनगर उतरने वाले कट की तरफ सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। यह वहां परतापुर इंटरचेंज के नीचे उतरकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। ट्रांसपोर्ट मंडी गेट से परतापुर इंटरचेंज की तरफ सभी प्रकार के वहां प्रतिबंधित रहेंगे। परतापुर इंटरचेंज एवं गगोल रोड से मेरठ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। बिजली बंबा से जुरानपुर फाटक के रास्ते शॉप्रिक्स मॉल तिराहे की ओर सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

## शिवाजी जयंती पर मस्जिद से जुलूस पर पथराव

**बागलकोट/हैदराबाद, 20 फरवरी (एजेंसी)।** देशभर में 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान कुछ राज्यों से हंगामे की खबर भी आई। कर्नाटक के बागलकोट में शिवाजी जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान पथराव हुआ। इसके बाद तनाव की स्थिति बन गई। यहां भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के लागू की गई। हैदराबाद में गुरुवार रात मस्जिद के सामने से जुलूस निकालने पर दो समुदाय के बीच विवाद की स्थिति बनी। यहां पहले एक यूट्यूबर से मस्जिद की रिकॉर्डिंग को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान मस्जिद के सामने से जुलूस निकालने पर दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए। पुलिस ने किसी तरह स्थिति संभाली और लोगों को मौके से हटाया। बागलकोट में गुरुवार रात करीब 10 बजे शिवाजी जयंती का जुलूस निकाला जा रहा था। जब वह पानका मस्जिद इलाके से गुजरा, तभी उस पर पत्थर और चप्पल फेंके गए। बागलकोट एसपी सिद्धार्थ गोयल ने कहा कि पथराव में पुलिसकर्मी घायल हुआ। एसपी ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। फुटेज की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। इलाके में 24 फरवरी की आधीरात तक इठर की धारा 163 लागू रहेगी। इलाके में स्थिति कंट्रोल में है। घटना के चश्मदीद उमेश के मुताबिक जुलूस के दौरान मस्जिद के पास घटना हुई। करीब 8-10 लोगों ने वहां पत्थर और चप्पल फेंके। अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हैदराबाद के अंबरपेट में गुरुवार रात एक यूट्यूबर जामा मस्जिद के पास वीडियो बना रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। दावा है कि यूट्यूबर से मारपीट हुई। इसी दौरान घटना मस्जिद के सामने से छत्रपति शिवाजी महाराज की शोभायात्रा भी गुजर रही थी। इस कारण दोनों समुदाय के बीच और हंगामा हो गया।